■ न्यूज गैलरी

महिलाएं बांस का उत्पादन करें तो बाजार हम उपलब्ध कराएंगे : अभिषेक

राजनांदगांव। सांसद अभिषेक सिंह ने क्रांतिकारी समाज सुधारक ज्योतिबा फुले को याद करते हुये कहा कि उनका जन्म आज ही के दिन 1827 में हुआ था, उन्होंने समाज सुधार एवं दलितों के उत्थान की दिशा में कार्य किया, ठीक इसी तरह माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति की अध्यक्ष फुलवासन बाई यादव भी काम कर रही है, उनके नेतृत्व में माँ बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह से जुड़कर जिले की महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। उन्हीं के नेतृत्व में माँ बम्लेश्वरी प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना 2017 में हुई थी, आज इस कंपनी का स्थापना दिवस भी है। यह कंपनी जिमी कांदा व अन्य सब्जियों का उत्पादन करती है और अब यह वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन भी कर रही हैए इसके कार्य सराहनीय है।

अंशुल ने जीता बेस्ट वुमेन का खिताब

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ शतरंज एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 6 से 8 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ शतरंज रेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कुल 123 सीनियर व जूनियर शतरंज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव की केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कुमारी अंशुल मिश्रा पिता आदित्य मिश्रा ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेस्ट वुमेन का खिताब जीता, साथ ही अपनी अंतरराष्ट्रीय शतरंज रेटिंग प्राप्त करने में सफल रही। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच एवं केंद्रीय विद्यालय के स्टाफ ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डोंगरगांव प्रवास पर

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष जीआर राना 15 अप्रैल 2018 को विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम सिंघोला में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे।

मां शक्ति की कृपा के लिए भक्ति जरूरी : कुलबीर

राजनांदगांव। ग्राम भोथीपार कला व रानीतराई में महाविराट दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन विगत 6 व 7 अप्रैल 2018 को आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तुलसी मानस संस्थान के जिला संरक्षक व असंगठित कामगार मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा उपस्थित हुए। उनके साथ योगेन्द वैष्णव, ओमप्रकाश साहू, देवू यादव उपस्थित रहे। यहां सर्वप्रथम अतिथियों ने आयोजन स्थल पर देवी-देवताओं के तैलचित्र का माल्यार्पण कर आयोजन में शामिल हुए और जय झांकी स्पर्धा का आनंद लाभ लिये। अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा तिलक व बैच लगाकर सम्मान किया गया।आयोजन स्थल को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि भक्ति में ही शक्ति समाहित है। जहां भक्तिमय आयोजन हो ऐसा सुअवसर को न खोए।

चना उत्पादक किसानों को 120 करोड़ की राहत : भरत

राजनांदगांव (नवप्रदेश)

छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में चना उत्पादक किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रति एकड़ 1500 रूपये प्रोत्साहन राशि देने के निर्णय की सराहना की है। इस प्रकार सरकार ने अपने कोष 120 करोड़ रूपये चना उत्पादक किसानों को बांटने की घोषणा की है। श्री वर्मा ने कहा कि हमारी डॉ. रमन सिंह की सरकार ने सदैव किसानों के हित का ध्यान रखा है। समय-समय पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने धान सूखा राहत एवं धान बोनस दिये जाने जैसे किसनों के हित में साहसिक निर्णय है। वर्ष 2013-14 में 2376 करोड़ धान बोनस, 2015 में 1800 करोड़ सूखा राहत राशि, 2016-17 में 2100 करोड़ बोनस एवं 2017-2018 में राजनांदगांव जिले में 125 करोड़ की सूखा राहत राशि किसानों के खाते में प्रदान किए जा चुका है। इस वर्ष 96 तहसील को सूखा घोषित किया गया है एवं सभी संबंधित सभी किसानों को सूखा राहत राशि प्रदान की जा चुकी है।

विपक्ष भाजपा के विरूद्ध किसानों को बरगलाने का काम कर रहें है व कभी कारगार नहीं होगा क्योंकि प्रदेश का प्रत्येक किसान डॉ. रमनसिंह जी की किसान हितैषी कार्यशैली से वाकिफ है। प्रदेश का किसान जानती है कि केवल भाजपा की सरकार ही उनकी हितैशी है। वह जानती है कि प्रदेश की पूर्व सरकार एवं वर्तमान सरकार ने किसानों के लिए क्या किया है। आजादी के कई वर्षों तक इस राज्य में किसानों को 16-18 प्रतिशत दर पर कृषि ऋण प्रदान किया जाता था। परन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार ने शून्य प्रतिशत पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराया है। पूरे प्रदेश मे 3600 करोड़ का ऋण दिया जा चुका है इसके पूर्व की सरकार ने 2003 के पूर्व केवल 225 करोड़ रूपये का ऋण प्रदेश के किसानों को दिया था। छग सरकार ने चार लाख पैंसठ हजार पंप कनेक्सन दिए है आजादी के 60 वर्ष तक प्रदेश में केवल पैसठ हजार पंप कनेक्सन थे। प्रदेश सरकार तीन एचपी पंप पर 7000 यूनिट एवं पांच एच पर 9000 यूनिट बिजली पर छूट प्रदान की है। जिस पर सरकार 1721 करोड़ बिजली बिल वहन कर रही है। उन्होंने डॉ. रमन सरकार एवं क्षेत्रीय सांसद अभिषेक सिंह को भी इस निर्णय हेतु पूरे प्रदेश के किसानों की ओर से हार्दिक बधाई दी है।

चना सत्याग्रह से डरी सरकार, प्रोत्साहन राशि के झुनझुने से नहीं मानेंगे

रमन सरकार द्वारा चना उत्पादक 4 लाख किसानों को प्रति एकड़ 1500 रूपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा जिला किसान संघ ने चना-सत्याग्रह से डरकर लिया निर्णय कहा है। 10 अप्रैल को रमन केबिनेट चना उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना-विक्रय निजी फर्मों के बजाय लाभेद के माध्यम से किसानो से चना खरीदी की निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि जिला किसान संघ द्वारा समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के लिये चना- सत्याग्रह चलाया जा रहा है। 6 अप्रैल को जिला कार्यालय राजनांदगांव के सामने एवं जयस्तम्भ चौक में निःशुल्क चना वितरण कर किसानो ने विरोध जताया था एवं चना-सत्याग्रह की घोषणा की थी। उसके बाद ही सरकार ने यह घोषणा की। सरकार ने चने का समर्थन मूल्य 4400 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया है, लेकिन बाजार में किसानो को 3400 रूपये प्रति क्विंटल ही अधिकतम मिल पा रहा है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। अतः राजनांदगांव-कवर्धा के साथ-साथ प्रदेश भर के चना-उत्पादक किसानो लाभबंद कर धान की तरह चना खरीदी चालू कराने का लक्ष्य जिला किसान संघ ने रखा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चने की स्थाती व्यवस्था होने पर बाजार में मंदी के दौरान किसानों को बाजार के शोषण से कुछ सुरक्षा मिल सकेगी। चना सत्याग्रह अन्तर्गत गांव-गांव में बैठक, नुक्कड़-सभा, प्रमुख स्थानों पर किसान-सभा रथ घुर्इदान (14 अप्रैल), साल्हेवारा 17 अप्रैल, सौंतगढ़, डोंगरगढ़ ब्लाक एवं कवर्धा, अन्य जिलो में आंदोलन विस्तार एवं कवर्धा से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय राजनांदगांव तक किसान पदयात्रा कर चने की समर्थन मूल्य पर खरीदी की स्थायी व्यवस्था की मांगे को मुख्यधारा में स्थापित किया जावेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रति एकड़ 1500 रूपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है जिससे किसान संतुष्ट नहीं है। चने की विभिन्न किस्मो की औसत उत्पादन लगभग 6 क्विंटल प्रति एकड़ मानी जाए तो भी बाजार भाव और समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 1000 रूपये के अंतर के हिसाब से प्रति एकड़ लगभग 6 हजार का नुकसान किसानों को हो रहा है। 1500 रूपये प्रोत्साहन राशि देने के बाद भी किसानों को 4500 रूपये प्रति एकड़ का नुकसान होगा। वैसे भी प्रोत्साहन राशि समर्थन मूल्य पर खरीदी का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिए सरकारी खरीदी की व्यवस्था होनी चाहिए।

एसडीओ संतोष सम्मानित

राजनांदगाँव।

रायपुर में मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 17वाँ राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए निर्माण संभाग सेतु निर्माण उपसंभाग कवर्धा में पदस्थ एसडीओ इंजीनियर टीएन संतोष को उत्कृष्ठ कार्यों के लिए अभियंता प्रतिभा रत्न से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व उपस्थित अतिथियों शरदचंद बेहार, रामबाबू कटारे, सीपी शर्मा के हाथों सम्मानित किया गया। एसडीओ श्री संतोष विभाग में उत्कृष्ठ कार्यों के लिए पूर्व में भी सम्मानित कई बार हो चुके हैं। नया जिला बालोद बना जहाँ उन्होंने समय-सीमा के भीतर ही निर्माण कार्यों को 2012 में ही पूर्णतः प्रदान की है। विभागीय व अन्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री संतोष सेतु निर्माण एसडीओ कवर्धा में पदस्थ है, जहाँ वे वृहद पुल कार्यों के निर्माण को गति प्रदान कर रहे हैं। इसके पूर्व वे आदिवासी वन बाहुल्य नक्सल क्षेत्र राजनांदगाँव पदस्थापना के समय डेढ़ दर्जन वृहद पुलों का सफल संपादन किया। जिसमें सीआरपीएफ के चार कार्य, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के छः कार्य एवं राजनांदगाँव बाईपास तीन नग, ओव्हर पास का निर्माण कार्य क्षेत्र की उपलब्धि रही है तथा दुरस्त नक्सली क्षेत्र में भी उनके व्यक्तिगत प्रयासों से छः कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादन हुआ। 14 अप्रैल 2016 को बसेली एवं सहपाल के बीच भूरके नदी हेतु स्थल पर नक्सली हमले के उपरांत उक्त वृहद पुल का निर्माण कार्य गत वर्ष जून में पूर्ण किया गया। यातायात जारी है, हजारों लोगों को नियमित रूप से लाभ मिल रहा है।

आईबी ग्रुप की माजदा ने तोड़े बिजली के दो पोल

■ कंडक्टर को आई गंभीर चोंट

डोंगरगढ़ (नवप्रदेश)

12 अप्रैल की तड़की सुबह 3.30 बजे आईबी रुप की माजदा क्रमांक नं. सीजी 08 ई 0159 ने खैरागढ़ रोड काली मंदिर मोड़ के पास चालक ने अपना नियंत्रण खोकर सड़क किनारे लगे बिजली के दो खंभों को ठोकर मार दी। माजदा की गति इतनी तेज थी कि बिजली एक खंभा अपनी जगह से उखड़कर सीधे माजदा की कंडक्टर साईड में गिर गया और उसके गिरने के बाद माजदा ने पास में लगे दूसरे बिजली के पोल को ठोकर मारी जिससे वह खंभा मुड़कर झुक गया। लोह के इन बिजली पोल की इस हालत को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि माजदा की गति क्या रही होगी कि एक खंभा अपनी जगह से उखड़ गया और दूसरा खंभा बुरी तरह मुड़ गया।

इस घटना में चालक को कोई क्षति नही पहुंची किन्तु कंडक्टर को पांव पर गंभीर चोट आई है, घटना के तत्काल बाद घायल कंडक्टर को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया और चालक का अब तक पता नही चल पाया है। घटना के बाद घटना स्थल के बिजली तार सड़क के ऊपर झूल गये और वहां पर अंधेरा फैल गया जिसकी सूचना सुबह 4 बजे विद्युत विभाग को दी गई जिसके बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया।

इस संबंध में थाना प्रभारी के नागे ने कहा कि घटना की सूचना उन्हे घटना की तत्काल बाद मिल गई थी जिसके बाद बल भेजकर घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। विद्युत विभाग की ओर से एफआईआर होने के बाद शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

इस संबंध में विद्युत विभाग के जे ई श्री साहू ने कहा कि आईबी रुप के माजदा के द्वारा दो पोल को क्षतिग्रस्त किया गया है,जिनके खिलाफएफआईआर दर्ज करवाई जायेगी और दोनो क्षतिग्रस्त पोलो की भरपाई उनसे करवाई जायेगी एवं दोनो पोलो के स्थान पर नये पोल लगाकर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त की जायेगी।

सीएमओ ने वार्ड 2 और 15 का किया दौरा

■ दो दुकानों में मारा छापा तीन किलो पॉलीथीन जप्त

डोंगरगढ़ (नवप्रदेश)

नगर पालिका के नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने आज अपने अमले के साथ वार्ड नं. 02 एवं वार्ड नं. 15 का दौरा किया और दौरे के दौरान दो दुकानो पर छापामार कार्यवाही करते हुए दो से तीन किलो पॉलीथीन जप्त किया और समझाईए दी कि पुनः ऐसी गलती ना दोहराई जाये।दौरे के दौरान दोनो वार्डों में पेयजल की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई साथ ही बुधवारीपारा का मुख्य नाला की सफाई को लेकर भी वार्डवासियों ने सीएमओ श्री तिवारी को अवगत कराया जिस पर उन्होने जल्द ही उसकी सफाई करवाने का आष्वासन दिया।इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की राषि का भुगतान नही होने की जानकारी भी वार्डवासियों ने दी जिस पर जल्द ही उनकी षिकायत का भुगतान करने का आदेष विभाग के कर्मचारियों को दिया। चूंकि सीएमओ श्री तिवारी और नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हत्थेल दोनो युवा है और दोनो नगर के विकास की सोंच रखते है और इसी सोच को साकार करने के उद्देष्य से दौरा कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अचानक दो वार्डो का दौरा किया जा रहा है और वार्डवासियों की समस्या से रूबरू हुआ जा रहा है एवं उनका हल निकाला जा रहा है।सीएमओ श्रीतिवारी की कार्यप्रणाली एवं पालिका अध्यक्ष तरूण हत्थेल की सोच को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहें स्वच्छ भारत अभियान एवं अपने घर का सपना साकार होने में ज्यादा समय नही लगेगा और छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल में विषेष स्थान रखने वाली धर्मनगरी डोंगरगढ़ पूरे प्रदेष में स्वच्छ नगरी के नाम से भी अपनी ख्याति प्राप्त कर लेगी।

पलानसरी और प्रतापपुर के तत्कालीन ग्राम सचिवों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

■ ग्राम पंचायत कोदवाकला, कुआमालगी और किशुनगढ में शौचालय के निर्माण की जांच करने के निर्देश

कवर्धा (नवप्रदेश)

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में अनियमितता बरतने पर जिले के पंडरिया जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पलानसरी और प्रतापपुर के तत्कालीन ग्राम सचिवों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जनपद सीईओ को निर्देशित किया है। साथ ही ग्राम पंचायत कोदवाकला, कुआमालगी और किशुनगढ में शौचालय के निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायतों पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पण्डरिया को जांच करने के निर्देश दिए है।

जिला पंचायत सीईओ श्री कुंदन कुमार द्वारा जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष भवन में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत बनाए गए शौचालय के निर्माण में प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने एवं ग्राम पंचायतों को प्रदाय किए गए अबांटन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में पाया गया कि जनपद पंचायत पण्डरिया के ग्राम पंचायत पलानसरी एवं प्रतापपुर में शौचालय निर्माण से संबंधित किसी भी प्रकार का दस्तावेज ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। पलानसरी ग्राम पंचायत के वर्तमान सचिव ने बताया कि उन्हें तत्कालीन सचिव द्वारा कोई भी दस्तावेज नहीं सौंपा गया है और न ही निर्माण कार्य की राशि का कोई भी हिसाब-किताब दिया गया है। इस कारण ग्राम पंचायत पलानसरी एवं ग्राम पंचायत प्रतापपुर के तत्कालीन सचिव, सरपंच एवं संबंधितो के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पण्डरिया को दिए गए है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के मद से निर्मित शौचालयों के भुगतान में प्राप्त होने वाली शिकायतों से संबंधित जिले के विभिन्न 123 ग्राम पंचयतों के सचिव एवं सरपंच की बैठक जिला पंचायत में ली गई थी।

चना की प्रोत्साहन राशि के लिए एक भी छोटा किसान न छूटे : अभिषेक

■ सांसद अभिषेक सिंह ने की हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा

कवर्धा (नवप्रदेश)

सांसद अभिषेक सिंह ने बुधवार को प्रातः जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की। उन्होने विगत 10 अप्रैल को मंत्री परिषद की बैठक में वर्ष 2017-18 के चना उत्पादक किसानों को डेढ़ हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि देने के निर्णय के तहत कबीरधाम जिले में चना उत्पादक किसनों के सर्वे करते समय एक भी छोटे किसान नहीं छूटने चाहिए इसके लिए राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नई गाईड लाईन के अनुरूप विधवा एवं परितक्यता महिलाओं तथा वृद्धजनों को पेंशन दिलाने और अंत्योदय अन्न योजना के तहत पात्रता रखने वाले सभी लोगों को राशन दिलाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में कवर्धा विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत के संतोष पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, अपर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना 2011 के सर्वे के समय छूटे परिवारों को शामिल करने के लिए ग्राम सभा की बैठक में हितग्राहियों का चयन, पात्रता एवं प्राथमिता तय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर से लेकर मैदानी स्तर तक के सभी अधिकारियों को राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नियमों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी के लिए पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने सूखा राहत एवं फसल बीमा राशि वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें की ग्रामीणों को सीमांकन, बंटवारा, नक्शा, बी-वन आदि के लिए पटवारी का चक्कर लगाना नहीं पड़े।

काशी-विश्वनाथ नगरी स्वयं मोक्ष का द्वार है : दंडी स्वामी विशुद्धानंद

बोडला (नवप्रदेश)

वेदांताचार्य दंडी स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती ने बुधवार को शिव महापुराण की महिमा का श्रद्धालुओं को अमृत रसपान कराया। स्वामी जी ने कहा कि वेदव्यास जी कांशी खंड में इस नगरी को मोक्ष का द्वार कहा है। महराजश्री ने कहा कि यहां भगवान शिव असीसंगमेश्वर के रूप में विद्यमान है। दंडी स्वामी ने कहा जैसे वृंदावन और आयोध्या को भक्ति की नगरी कहा जाता है। उसी प्रकार कांशी ज्ञान और मोक्ष की भूमि के नाम से विख्यात है। यहीं से समस्त वेदों की रचना की गई है। कांशी भ्रमण करने से सर्वत्र हृदय में ज्ञान का संचार होता है। इसीलिए कांशी में सदैव खुले पैर भ्रमण करना चाहिए। महराजश्री ने कहा कि हिमालय के केदारनाथ में भगवान शंकर एक कला में निवास करते है। लेकिन कांशी में वे 16 कलाओं के साथ विराजमान होते है। और यही कारण है कि केदारनाथ दर्शन से 16 गुना अधिक कांशी विश्वनाथ की दर्शन से पुण्य की प्राप्ति का वर्णन मिलता है। शिव महापुराण कथा का अमृतपान कराते हुए महराजश्री ने गौमाता की महिमा का भी बखान किया। उन्होने कहा गर्भवती स्त्रियों को नित्यप्रति देशी गाय का दुध पिलाना चाहिए। इससे होंने वाला संतान ज्ञानवान,बलवान,सुशील व धर्मात्मा होगा। गौमाता की प्रभाव से वह शिशु दिव्यात्मा और निष्ठावान होगा।

पंच कुंडीय श्रीरूद्र महायज्ञ के सातवें दिन यज्ञाचार्य मेघानंद शास्त्री ने यज्ञनारायण भगवान की विधिविधान से वेदमंत्रोच्चार के साथ आहुती दी। शास्त्रीजी ने आवाहित देवी देवताओं का महाआरती कर विशेष श्रृंगार किया। स्वामी जी के मुखारविंद से भगवत कथा सुनने आस पास से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है।